E-Mail क्या हैं ?

इलैक्ट्रानिक मेल या संक्षेप मे ई-मेल इंटरनेट की सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली सेवा है। इलैक्ट्रानिक मेल एक ऐसा इलैक्ट्रानिक संदेश होता है, जो किसी नेटर्वक से जुडे विभिन्न कम्प्यूटरो के बीच भेजा व प्राप्त किया जाता है। ई-मेल का उपयोग व्यक्तियो या व्यक्तियो के समूहो के बीच जो भौगोलिक रूप से हजारो मील दूर भी हो सकता है। लिखित संदेश भेजने मे किया जाता है। ई-मेल को मेल सर्वर के माध्यम से भेजा जाता और प्राप्त किया जाता है। कोई मेल सर्वर ऐसा कम्प्यूटर होता है। जिसका कार्य ई-मेलो को प्रोसेस करना और उचित क्लाइंट कम्प्यूटरो को भेजना होता है।

वेब पते की तरह हमारे ई-मेल पते भी होते है, जिस पर ई-मेल भेजी जाती है। ब्राउजर प्रोग्राम की तरह ई-मेल भेजने और प्राप्त करने के लिये विशेष ई-मेल प्रोग्राम या साॅफ्टवेयर होते है जैसे माइक्रोसाॅफ्ट आउटलुक तथा आउटलुक एक्सप्रेस आदि। और हम कुछ वेबसाइट की सहायता से भी अपना ई-मेल भेज तथा प्राप्त कर सकते है।

E-Mail भेजने की प्रक्रिया (Sending Process of E-mail)

यदि आप किसी को ई-मेल संदेश भेजना चाहते है, तो आप उसे आॅफलाइन तैयार कर सकते है। संदेश बनाने के लिये, Messages मेन्यु मे New Message आदेश अथवा स्टैण्डर्ड टूलबार मे New Mail बटन को क्लिक कीजिए। इससे नये संदेश की विंडो आपके सामने प्रदर्शित हो जाएगी।इस विंडो मे To: बाक्स मे प्राप्तकर्ता का ई-मेल पता टाईप कीजिए और संदेश का विषय Subject: बाक्स मे टाईप कीजिए। CC: बाक्स मे उनका ई-मेल पता टाईप करके आप इस संदेश की प्रतिलिपि अन्य लोगो को भी भेज सकते है।

किसी E-Mail को भेजने के लिये निम्नलिखित Steps का अनुसरण करते है|

Step 1:अपने सिस्टम को इंटरनेट से कनेक्ट करने के पश्चात् इंटरनेट एक्सप्लोलर को खोलते है। इसमे एड्रेस बार मे उस वेब साइट को type करते है जिसमे हमारी E-Mail Id है, जैसे यहाॅ पर हम www.akhilesh@cyberdairy.com को type करके Enter key press करते है।

Step 2:इसके पश्चात् हम User Name Box मे अपनी Email Id तथा Password Box मे Password लिखते है तथा Enter key Press करते है। इसके पश्चात् स्क्रीन पर हमारा Home Page खुलता है।

Step 3: इसमे हम Write Mail/Compose Mail आॅप्शन पर क्लिक करते है तो स्क्रीन पर एक नयी Window खुलती है, इसमे प्रथम Box मे वह Mail Id लिखते है जिसके पास Attachment को संलग्न करना है। इसके पश्चात् ।Attachment बटन पर क्लिक करते है तो स्क्रीन पर Attachment Box खुलता है।

Step 4: इस बाॅक्स मे Browse Button के माध्यम से उस फाइल को Browse करके Attach हो जाती है।

Step 5: इसके पश्चात् Send Button पर क्लिक करते है। इस तरह संलग्न की गयी फाइल उस ID पर पहुुच जाती है जो हमने Mention की है।

E-Mail प्राप्त करने की प्रक्रिया

E-Mail को प्राप्त करने के लिये निम्नलिखित Steps का अनुसरण करते है-

Step 1:अपने सिस्टम को इंटरनेट से कनेक्ट करने के पश्चात् इंटरनेट एक्सप्लोलर को खोलते है। इसमे एड्रेस बार मे उस वेब साइट को type करते है जिसमे हमारी E-Mail Id है, जैसे यहाॅ पर हम www.akhilesh@cyberdairy.com को type करके Enter key pres करते है।

Step 2: इसके पश्चात् हम User Name Box मे अपनी Email Id तथा Password Box मे Password लिखते है तथा Enter key Press करते है। इसके पश्चात् स्क्रीन पर हमारा Home Page खुलता है।

Step 3: इसके पश्चात् हमे जो भी Mail किसी के द्वारा भेजे गये है उसे हम अपने Inbox मे जाकर प्राप्त कर सकते है।